हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री


13 एमडीयू में वंदे मातरम गाकर दिया राष्ट्रीय एकता ...


14 हरियाणा स्टेट ब्वॉयज व गर्ल्स बॉक्सिंग गेम्स ...

## खबर संक्षेप

### महमः सिविल अस्पताल में बिजली संकट से दिक्कत

**महम।** महम के उपमंडल नागरिक अस्पताल में पिछले दो दिन से बिजली संकट गहराया हुआ है। जिस वजह से अस्पताल के बिजली आधारित सभी जरूरी काम अटके हुए हैं। कंप्यूटर व जांच रिपोर्ट का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। एडवोकेट जयदेव राठी ने बताया कि वह दो दिन से किसी जरूरी काम के लिए अस्पताल में आ रहा है। लेकिन बिजली न होने से उसका काम अटका हुआ है। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले भटक रहे हैं।

### नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया

**रोहतक।** युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करने के उद्देश्य से जिला पुलिस की ओर से शुक्रवार को नेकीराम कॉलेज में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशे व यातायात नियमों से जुड़ी अहम जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में सहायक उपनिरीक्षक मोहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रग्स ऐसा पदार्थ है जो इंसान की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह बदल देता है।


**महम।** समूह लोकगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महम के कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### युवा उत्सव में-गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान प्रथम

**महम।** हाल ही में रोहतक में आयोजित किए गए जिला स्तरीय युवा उत्सव में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान महम की टीम ने समूह लोकगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रिंसिपल दिनेश सिंधु ने बताया कि यह उपलब्धि उनके संस्थान के विद्यार्थियों की लग्न, अनुशासन और प्रतिभा के साथ-साथ संस्थान की कल्चरल टीम के स्टाफ की अथक मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है। पिछले कई दिनों से टीम ने दिन-रात अभ्यास कर इस सफलता को संभव बनाया है। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज प्रशासन ने विजेता कलाकारों को बधाई दी है।

### ऑनलाइन ठगी का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर



42 हजार रुपये से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं, जिन्होंने धोखाधड़ी के जरिए एक युवक से पैसे हड़प लिए थे। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है।

### आरकेपी स्कूल में टेलेंट हंट प्रतियोगिता

**महम।** आरकेपी स्कूल मदीना में शुक्रवार को टेलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानना, उनमें खेल भावना जगाना तथा ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के प्रतिभागियों को अपनी कला दिखाने का समान अवसर प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्रों ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया।

---

**वारदात :** आपसी रंजिश में बाप-बेटे की गोली मारकर की हत्या, लोगों में रोष

# बलियाणा डबल मर्डर का 4 घंटे में खुलासा 5 में से 2 आरोपियों का सोनीपत में एनकाउंटर

### सोनीपत और रोहतक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से मिली सफलता

*दोनों आरोपी गांव बलियाणा के ही रहने वाले बताए जा रहे। ये दोनों वारदात के बाद फरार हो गए थे और हरियाणा छोड़ने की फिराक में थे। लेकिन सीआईए सोनीपत और रोहतक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को खरखौदा एरिया में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव बलियाणा में शुक्रवार को हुई सनसनीखेज डबल मर्डर वारदात का पुलिस ने 4 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। शुक्रवार की शाम सीआईए सोनीपत और रोहतक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को खरखौदा एरिया में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपी गांव बलियाणा के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। ये दोनों वारदात के बाद फरार हो गए थे और हरियाणा छोड़ने की फिराक में थे। गौरतलब है कि शुक्रवार दोपहर बलियाणा गांव में पांच हथियारबंद युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते 58 वर्षीय धर्मवीर और उसके बेटे 22 वर्षीय दीपक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दोहरी हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें पांच युवक धर्मवीर के घर में घुसते और कुछ ही देर बाद भागते हुए नजर आए। इन्हीं फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और अलग-अलग टीमों का गठन किया।


मृतक धर्मवीर (फाइल फोटो)


मृतक दीपक।


मौके पर पड़ा खोल।




मुठभेड़ के बाद आरोपित पीजीआई में उपचाराधीन। मौके पर जांच करते एफएसएल टीम की इंचार्ज डॉ.सरोज दहिया।

### हमलावरों ने दिनदहाड़े की वारदात

शुक्रवार दोपहर करीब चार बजे के बीच दीपक अपने पड़ोसी सूरजभान चौकीदार के घर बैठा हुआ था। तभी दो बाइक और एक कार में सवार पांच युवक वहां पहुंचे। उन्होंने दीपक से उसके पिता का नाम पूछा और बात करते-करते अचानक गोलियां चला दीं। दो गोलियां लगने से दीपक की मौके पर मौत हो गई। इसके बाद हमलावर सीधे धर्मवीर के घर पहुंचे और आंगन में बैठे धर्मवीर पर पांच गोलियां दाग दीं। धर्मवीर की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी बड़ी तेजी से गांव से भाग निकले। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस, डीएसपी सांपला राकेश कुमार और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों जगहों से गोलियों के खोल बरामद किए और पूरे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी।

### 2023 में दुकानदार की हत्या से जुड़ा मामला

मृतक धर्मवीर के भाई धर्मराज के अनुसार, वर्ष 2023 में धर्मवीर के बड़े बेटे सचिन उर्फ सागर ने गांव के ही दुकानदार जगबीर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में सागर फिलहाल जेल में बंद है। धर्मराज ने बताया कि इसी हत्या की रंजिश में अब जगबीर के भाई संजय ने अपने साथियों के साथ मिलकर धर्मवीर और दीपक की हत्या की है। पुलिस की जांच में भी यह बात सामने आई कि हत्या की योजना कई दिन पहले बनाई गई थी। आरोपी वारदात से एक दिन पहले ही गांव के पास देखे गए थे। उन्होंने पहले दीपक पर हमला किया और फिर धर्मवीर को निशाना बनाकर घर में घुसकर हत्या की।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

बलियाना में दोहरे हत्याकांड की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर आकर निरीक्षण किया। इसके बाद आरोपियों की तलाश की गई। रोहतक और सोनीपत की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। बाकी आरोपी भी जल्द पुलिस गिरफ्त में होंगे। - **सुरेंद्र भोरिया**, एसपी रोहतक

### खरखौदा में मुठभेड़ के बाद पकड़े दो आरोपी

सीआईए सोनीपत को सूचना मिली कि बलियाणा डबल मर्डर में शामिल दो आरोपी खरखौदा क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की नाकाबंदी कर दी। जैसे ही आरोपी बाइक पर आए, पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। आरोपियों की पहचान बलियाणा गांव निवासी संजय और अमित के रूप में हुई है। दोनों धर्मवीर-दीपक हत्याकांड के मुख्य आरोपी बताए जा रहे हैं। उनके पास से एक पिस्तौल, तीन कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की गई है।

### रंजिश में दिया हत्या को अंजाम : डीएसपी

सांपला डीएसपी राकेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई। संजय के भाई जगबीर की हत्या 2023 में हुई थी, और अब संजय ने बदले की भावना से यह वारदात रची। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं, जिन्हें सीआईए और एफएसएल टीम सत्यापित कर रही हैं। डीएसपी ने कहा कि दोनों आरोपी अब पुलिस रिमांड पर लिए जाएंगे ताकि शेष फरार साथियों की पहचान और वारदात में इस्तेमाल अन्य हथियारों की बरामदगी हो सके।

### तीन साल में एक ही परिवार में तीन मौतें

धर्मवीर के परिवार पर पिछले तीन सालों में जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पहले 2023 में बड़ा बेटा सचिन हत्या के केस में जेल गया, फिर सात महीने पहले धर्मवीर की पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। अब शुक्रवार को पिता और छोटे बेटे दीपक की हत्या हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि अब धर्मवीर के परिवार में कोई भी सदस्य जीवित नहीं बचा है। ग्रामीणों ने बताया कि धर्मवीर मेहनती व्यक्ति था और गांव में पेंटिंग का काम करता था। उसका बेटा दीपक आईएमटी की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। परिवार साधारण जीवन जीता था, लेकिन पुराने विवाद ने पूरे परिवार को खत्म कर दिया।

### गांव में पसरा सन्नाटा ग्रामीणों में आक्रोश

बलियाणा गांव में सन्नाटा पसरा रहा। हर घर में इसी वारदात की चर्चा रही। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि बाकी बचे आरोपियों को भी जल्द पकड़ा जाए और फांसी जैसी सजा दी जाए। कई लोगों ने कहा कि पुलिस को ऐसे मामलों में रंजिश की जड़ तक जाकर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। पुलिस ने गांव में सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि तकनीकी जांच और मोबाइल लोकेशन के आधार पर बाकी तीन फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

## पुलिस ने अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा बिहार चुनाव में भेजने की आशंका



**सांपला।** शराब लेकर जा रहे एक ट्रक को एएनसी की टीम ने शुक्रवार को नया बास के पास अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा है। ट्रक से लाखों रुपये की शराब बरामद की गई है। शराब की पेटियों को छुपाने के लिए ट्रक के पिछले हिस्से में फूस की बोरियां लगा रखी थी। टीम ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। शुरूआती जांच में आया कि शराब चुनाव के दौरान बिहार भेजी जा रही थी। अवैध रूप से चल रहे नशे को रोकने के लिए एएनसी टीम बनी हुई है। शुक्रवार की अलग सुबह टीम को शराब की तस्करी की सूचना मिली। अधिकारी ने इस पर एक टीम गठित की थी। सूचना पर टीम ने सोनीपत झज्जर नेशनल हाईवे नंबर 344 नया बास गांव के पास बताए गए ट्रक नंबर पर निगरानी शुरू कर दी। सुबह उसी नंबर का ट्रक आता दिखाई दिया। ट्रक को रुकवाया गया। ट्रक की तलाशी ली तो पीछे सफेद कट्टे भरे दिखाई दिए। जिनमें फूंस भरा था। टीम ने कटों को हटाया तो अंदर शराब की पेटी नजर आई। सभी पेटियां सड़क किनारे उतारीं गई जिसमें अंग्रेजों शराब पाई गई।

## कैंसर की पहचान कर समय पर करवाएं इलाजः डॉ. अग्रवाल

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), रोहतक की ओपीडी में शुक्रवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसका आयोजन विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग ने किया था ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि निदेशक डॉ. एसके सिंघल उपस्थित हुए। विभाग के छात्रों द्वारा एक प्रभावशाली पोस्टर प्रस्तुति दिखाई गई , जिसमें कैंसर की रोकथाम, शीघ्र निदान और उन्नत उपचार के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया ।

---

आरोपियों से पूछताछ में नेटवर्क से जुड़े मामलों का हो सकता है खुलासा

# शेयर मार्केट में इन्वेस्ट के नाम पर 1.41 करोड़ रुपये की ठगी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस की साइबर थाना टीम ने एक बड़े ऑनलाइन फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 1 करोड़ 41 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है, ताकि इस साइबर नेटवर्क की गहराई से जांच की जा सके। थाना साइबर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि सेक्टर-3 निवासी सतीश ने शिकायत दी थी कि उसके साथ शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर


**रोहतक।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

ठगी की गई है। सतीश को 14 मई 2025 को एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया, जिसने खुद को सिक्योरिटीज कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने सतीश को बताया कि उसकी कंपनी स्टॉक मार्केट में निवेश संबंधी सलाह देती है और 5 प्रतिशत ब्रोकरेज फीस लेकर अच्छे शेयर सुझाती है। शुरुआती दिनों में आरोपियों ने विश्वास जीतने के लिए सतीश को सही शेयर टिप्स दिए, जिससे उसे कुछ मुनाफा भी हुआ। लगभग 15 दिन तक लगातार प्रॉफिट दिखाकर उन्होंने सतीश का भरोसा पूरी तरह हासिल कर लिया। इसके बाद 1 जून को उसे एक लिंक भेजकर अपनी फर्जी कंपनी की वेबसाइट पर अकाउंट खुलवाया गया।

### अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए

सतीश से अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए गए और ऑनलाइन पोर्टल पर उसे मुनाफे का आंकड़ा दिखाया गया। इस तरह आरोपी उसे झांसे में लेकर कुल 1,41,27,500 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवाने में कामयाब रहे। 15 जुलाई 2025 को उन्होंने विश्वास बनाए रखने के लिए सतीश के खाते में 2,10,000 रुपये भी भेजे। जब सतीश ने पूरी राशि वापस मांगी, तो आरोपियों ने उसे चैनल में शामिल करने का लालच दिया और और अधिक पैसे की मांग करने लगे। इस पर सतीश को शक हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दी।

---

**मैच** शेर ए कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी को 5 विकेट से हराया

# एमडीयू एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने 21वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर कप में जीत के साथ किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एम्पलाइज क्रिकेट टीम ने आज 21वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी 20 क्रिकेट कप में जीत से आगाज किया। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि, हिसार में आयोजित इस प्रतियोगिता में आज एमडीयू एम्पलाइज क्रिकेट टीम ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शानदार आगाज करते हुए शेर ए कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी को 5 विकेट से हराया। एमडीयू के ऑल राउंडर दीपक कुमार उत्कृष्ट योगदान के चलते मैन ऑफ द मैच बने। शेर ए कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ने टॉस


**रोहतक।** एमडीयू एम्पलाइज क्रिकेट की विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

जीतते हुए पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। एमडीयू के गेंदबाजों ने कप्तान नरेंद्र शीलक की अगुवाई में शेर ए कश्मीर यूनिवर्सिटी के इस फैसले को गलत साबित करते हुए कसी हुई सटीक गेंदबाजी की और शेर ए कश्मीर की टीम को 19.2 ओवर में 112 रनों पर ऑल आउट कर दिया। एमडीयू की तरफ से दीपक कुमार ने 4 ओवर में 17 रन देते हुए 4 विकेट, राज ने 4 ओवर में 14 रन देते हुए 2 विकेट, ऋषि ने 3 ओवर में 26 रन देते हुए 2 विकेट, पंकज नैन ने 4 ओवर में 14 रन देते हुए एक विकेट और रामबीर ने 3 ओवर में 18 रन देते हुए एक विकेट लिया। 113 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी एमडीयू टीम को कप्तान नरेंद्र शीलक और राज ने तेज शुरुआत दी, जिसके बाद दीपक और आनंद प्रजापति ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। एमडीयू की टीम ने 13.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर यह मैच अपने नाम किया।

### एमडीयू एम्पलाइज क्रिकेट टीम दो बार चैंपियन रही

दीपक कुमार ने 19 रन पर 42 और कप्तान नरेंद्र शीलक ने 41 रन बनाए। टीम की जीत में खिलाड़ी रामबीर राणा, राजेश पंवार, ऋषि सैनी, योगेंद्र सिवाच, राजेश शर्मा, परवीन कुमार, महिपाल फौगाट, नन्द किशोर, सुनील कुमार और सुरेन्द्र कुमार का भी विशेष योगदान रहा। एमडीयू के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल, सहायक निदेशक डॉ. तेजपाल, एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश कौशिक समेत अन्य अधिकारियों ने टीम एमडीयू की जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि एमडीयू एम्पलाइज क्रिकेट टीम दो बार इस प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता की चैंपियन रही है।

## महमः नगर पालिका ने बाजारों में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**महम।** महम नगर पालिका द्वारा महम के बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान की अगुवाई सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत सिंह ने की। टीम में काफी संख्या में सफाई कर्मचारी भी शामिल थे। यह टीम अतिक्रमण हटाने के लिए महम के पालिका बाजार, पुराना बस स्टैंड, रोहतक रोड, राजीव गांधी चौक, थाना रोड और आजाद चौक होते हुए वापस नगर पालिका में पहुंची। इस दौरान नगर पालिका की टीम ने उन दुकानदारों का सामान अपने कब्जे में लिया, जो दुकानदार सड़कों पर सामान रखकर कारोबार कर रहे थे। हालांकि दुकानदारों ने नगर पालिका द्वारा रोजाना चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर रोष प्रकट किया है। नगर पालिका सफाई निरीक्षक ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि बार बार चेतावनी देने के बाद भी दुकानदार अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे। ऐसे में सड़क से उन्होंने कई दुकानदारों का सामान उठाया है। आवागमन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जनहित में सामान उठाया गया है। नगर पालिका ने इस सामान को जब्त कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद स्पर्धा शुरू

**रोहतक।** सातवीं हरियाणा स्टेट स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता (अंडर-11 वर्ग) का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को मानव रचना ग्लोबल स्कूल, सुनारिया में हुआ। प्रतियोगिता तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हो रही है, जिसमें विभिन्न जिलों से आए लगभग छह हजार नन्हे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी सचिन गुप्ता ने किया। मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, चेयरमैन सुधीर सिंधु और नोडल अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा उपस्थित रहे।

### महम में ब्रह्माकुमारीज सेंटर संत समागम आज

**महम।** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा में 8 नवंबर शाम को साढ़े 6 बजे संत समागम का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय शाखा इंचार्ज बीके चेतना ने बताया कि मध्य प्रदेश के चित्रकुट (सतना) से संस्कृत व्याकरण, वेदांत व ज्योतिष मर्मज्ञ, मोटिवेशनल आध्यात्मिक प्रवक्ता आचार्य स्वामी परमानंद महाराज दो दिवसीय महम प्रवास पर आ रहे हैं। आचार्य स्वामी परमानंद संत समागम के मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर ओपी चिटकारा करेंगे।

### कार्यकर्ता आडवाणी का मनाएंगे जन्मदिन

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई पार्टी कार्यालय मंगल कमल में पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी का जन्मदिन बड़ी श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया जाएगा। ये जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष चैयरमैन उदयभान मलिक करेंगे। मुख्य वक्ता के तौर भाजपा के नेता प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक शिरकत करेंगे। मौके पर पार्टी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

### राज्यभर से आए खिलाड़ियों ने दी शानदार प्रस्तुति, विजेताओं को सम्मानित कर किया प्रोत्साहित

# हरियाणा स्टेट ब्वॉयज व गर्ल्स बॉक्सिंग गेम्स 2025 का समापन, खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि हरियाणा खेलों की भूमि है और यहां के खिलाड़ी न केवल देश बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुके**



**रोहतक।** खिलाड़ियों का हाथ मिलवाते मुख्य अतिथि उपायुक्त सचिन गुप्ता ।



**रोहतक।** महिला खिलाड़ियों का हाथ मिलवाते विशिष्ट अतिथि रोडवेज जीएम विपिन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजीव गांधी खेल स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में शुक्रवार को 27वीं हरियाणा स्टेट ब्वॉयज व गर्ल्स बॉक्सिंग गेम्स 2025 का समापन बड़े उत्साह के साथ हुआ। चार दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में हरियाणा के अलग-अलग जिलों से आए युवा खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तकनीक और जोश से दर्शकों का दिल जीत लिया।

- **दोनों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित**

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त सचिन गुप्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में रोडवेज जीएम विपिन शर्मा मौजूद रहे। दोनों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा खेलों की भूमि है और यहां के खिलाड़ी न केवल देश बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और उनमें अनुशासन व आत्मविश्वास का विकास करते हैं। रोडवेज जीएम विपिन शर्मा ने कहा कि बॉक्सिंग जैसा खेल युवाओं में आत्मबल और निडरता का संचार करता है। जो खिलाड़ी खेल को ईमानदारी और लगन से खेलते हैं, वही आगे जाकर राज्य और देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे हार-जीत की चिंता किए बिना हर मुकाबले को सीखने का अवसर समझें।

#### गेम्स का उद्देश्य खिलाड़ियों को मंच देनाः मेजर सत्यपाल सिंधु

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि इन गेम्स का उद्देश्य खिलाड़ियों को मंच देना और उनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने की भावना विकसित करना है। हरियाणा के खिलाड़ी देश के खेल मानचित्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और आने वाले समय में ओलंपिक खेलों में राज्य की हिस्सेदारी और बढ़ेगी। संघ की ओर से खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर कोचिंग और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

#### लड़कों के परिणाम

47-50 किग्रा वर्ग में तमान (जींद) ने पार्थ कुमार (रोहतक वेस्ट) को 5-0 से हराया। 50-55 किग्रा में वंश (फतेहाबाद) ने जतिन (सोनिपत) को 5-0 से मात दी। 55-60 किग्रा में सिकंदर (भिवानी) ने विनीत कुमार (फतेहाबाद) को 5-0 से पराजित किया। 60-65 किग्रा वर्ग में गौरव (कैथल) ने ध्रुव (सोनिपत) को वॉकओवर से हराया। 65-70 किग्रा में दमन (हिसार) ने नकुल मलिक (यमुनानगर) को आरएससी से मात दी। 70-75 किग्रा वर्ग में अभिनव (झज्जर) ने आदित्य (फतेहाबाद) को 0-5 से हराया। 75-80 किग्रा वर्ग में लोकेश (रोहतक) ने निलेश (हिसार) को एबीडी-एफ से पराजित किया। 80-85 किग्रा वर्ग में निखिल (सोनिपत) ने हैनी (भिवानी) को 5-0 से हराया। 85-90 किग्रा में अरमान (पानीपत) ने अवलीक धनखड़ (झज्जर) को 4-1 से पराजित किया। 90+ किग्रा वर्ग में राहुल कुमार (चरखी दादरी) ने अक्षय सैनी (पानीपत) को 3-2 से मात दी।

#### लड़कियों के परिणाम

आरती रोहतक, माही सिवाच फरीदाबाद, प्रियंका फतेहाबाद, पिंकी फतेहाबाद, वशिंका गुरूग्राम, साक्षी सोनीपत, स्नेह रोहतक, टविंकल पूनिया फतेहाबाद, नैना रोहतक, स्वाती जींद, अंजली फतेहाबाद, रिदीमा सोनीपत, हनिशा भिवानी, शिखा हिसार, तनिषा जांगड़ा झज्जर, निशा चरखी दादरी, तेजस्वी झज्जर, सानिया हिसार, खुशी पलवल व अंशिका चरखी दादरी ने अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत दर्ज की।

## जॉन वेस्ले स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में एक विशेष कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके रोकथाम के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में मणिपाल कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र कुमार डबास की टीम के सदस्य डॉ. जयगोपाल शर्मा और डॉ. पूनम दहिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

#### स्वस्थ जीवन के लिए जागरूकता का संदेश दिया

उन्होंने कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. जयगोपाल शर्मा ने कहा कि कैंसर का समय पर पता लगना ही इसका सबसे बड़ा उपचार है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से



बचाव के लिए जीवनशैली में कुछ जरूरी बदलाव अपनाना आवश्यक है। डॉ. पूनम दहिया ने महिलाओं में होने वाले कैंसर जैसे सर्वाइकल, स्तन एवं ओवरी कैंसर के लक्षणों और शुरुआती जांच की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने दोनों डॉक्टरों और कोऑर्डिनेटर विक्रमाजीत का स्वागत पौधा अर्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुरेन्द्र मलिक, उप-प्राचार्या मशेंका, रेखा, हर्ष, रुचि, सुमित, वीरेंद्र, रोहित, दुर्गा किरण, शोभा, संगीता, रेशमा मौजूद रहे।

## नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ता युवा महोत्सवः मनीष ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि कहा कि जिला युवा महोत्सव नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का एक माध्यम है। मनीष ग्रोवर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित युवाओं को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम ने की। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने सम्बोधन में कहा कि यह युवा महोत्सव केवल खेल और संस्कृति का मंच नहीं, बल्कि हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम भी है।

#### आईटीआई के प्राचार्य राजपाल सिंधु ने मुख्यातिथि का स्वागत किया



मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री के विकसित भारत-यंग लीडर्स विजन के अनुरूप है। स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, फिट इंडिया और नई शिक्षा नीति जैसी पहल युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता और रोजगार के नये अवसर खोल रही हैं। युवाओं को देश की पहचान बताते हुए मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि सबसे अधिक कार्य करने की क्षमता युवाओं में होती है। उन्होंने कहा कि नौजवान साथियों के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच है, जिससे उनको राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी मुश्किल परिस्थिति के समय धैर्य नहीं गंवाना चाहिए, बल्कि निरंतर आगे बढ़ता रहना चाहिए। आईटीआई के प्राचार्य राजपाल सिंधु ने मुख्यातिथि व आए हुए अन्य मेहमानों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर मदवि के पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रोफेसर सुनीत मुखर्जी, विकास बंसल सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य मौजूद थे।

## जीडी गोयनका टॉडलर हाउस सनसिटी में उत्साहपूर्वक मनाया हैलोवीन दिवस



**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस सनसिटी में शुक्रवार को हैलोवीन दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय का पूरा परिसर रंग-बिरंगी रोशनी, डरावनी सजावट और हंसी-खुशी से सराबोर दिखा। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने भूत, चुड़ैल, पिशाच, सुपरहीरो और अन्य रचनात्मक पात्रों की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनामिका बलहारा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को वैश्विक संस्कृतियों और परंपराओं से अवगत कराना तथा उन्हें मजेदार और रचनात्मक अनुभव प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को हैलोवीन थीम के अनुसार सजाया गया था। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य बलहारा ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि विद्यालय ऐसे ही रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से बच्चों में सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय बनाता रहेगा। हैलोवीन डे का यह आयोजन बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया, जिसने उन्हें न केवल मनोरंजन का अवसर दिया बल्कि सीखने और साझा करने की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

## वैदिक धर्म की ज्योति जलाए रखने वाले आर्य वीरों को नमन : स्वामी आदित्यवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आर्य समाज बोहर में दक्षिण अफ्रीका के आर्य समाज का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा, जिसके आगमन पर वातावरण उल्लासपूर्ण बन गया। गुरुकुल झज्जर स्नातक मंडल के महासचिव कृष्ण शास्त्री, आर्य समाज बोहर के प्रधान धनीराम आर्य, विशाल आर्य, सुभाष आर्य, अश्वनी आर्य सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आर्य समाज दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामबिलास बिसराम ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में आर्य समाज के कार्यों की प्रेरणा हमें भारत से ही मिलती है। हमारे पूर्वज लगभग 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों द्वारा बंधुआ मजदूर बनाकर ले जाए गए थे, लेकिन उन्होंने वहां भी अपनी धर्म और संस्कृति को जीवित रखा। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि हम दक्षिण अफ्रीका में विपरीत परिस्थितियों में भी वैदिक धर्म की ज्योति जलाए रखने




वाले उन आर्य वीरों को नमन करते हैं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार में समर्पित किया। स्वामी मैत्रेय, संचालक नारायण जीवन सेंटर, ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है। कार्यक्रम में युवा विद्वान सिंधु भोगल ने कहा कि आज के युग में युवाओं को वैदिक धर्म से जोड़ना अत्यावश्यक है। गुरुकुल झज्जर स्नातक मंडल के महासचिव कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यह आर्य समाज बोहर का सौभाग्य है कि यहां दक्षिण अफ्रीका के आर्य समाज के प्रतिनिधि पधारे हैं।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में अभिव्यक्ति की कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अभिव्यक्ति की कला यानी आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तर्कशक्ति और भाषा अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रखी गई थी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अपनी प्रभावशाली वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया व प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।



#### विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं को बधाई दी

निर्णायक मंडल में सुशीला, सुमन सैनी, लता, पूनम भाटिया शामिल रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। अंग्रेजी प्रतियोगिता का संचालन मोनिका पाहवा ने मानसी और अन्वी के साथ तथा सुनीता वर्मा ने युक्ति और दिव्यांशी के साथ किया। कार्यक्रम के सुचारू संचालन में समन्वयक प्रभा शर्मा और अनु सहरावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके साथ ही समर्पित टीम में रश्मि राहा, सीमा सचदेवा, सीमा बल्हारा और सरला भी सक्रिय रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं को बधाई दी और प्रतिभागियों के आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और भाषा अभिव्यक्ति को निखारने का उत्तम माध्यम हैं।

## युवाओं में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाता है एनसीसीः प्रो. बीएम यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कैडेट्स ने बालंद स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में 28 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2025 तक आयोजित एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (कैम्प नं. 151) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विवि के कैडेट्स ने कई पदक अपने नाम किए। कैम्प में टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम ने रजत पदक हासिल किया। कैम्प के सर्वश्रेष्ठ कैडेट का खिताब खुशांत ने प्राप्त किया। पब्लिक स्पीच स्पर्धा में ऋषभ ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रभावशाली वाक शैली का परिचय दिया। एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में भी ऋषभ ने अपने दमदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा क्विज़ प्रतियोगिता में खुशांत और ऋषभ की जोड़ी ने मिलकर रजत पदक अर्जित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में साहिल सिंधु ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर सबका दिल जीता।

#### बाबा मस्तनाथ विवि के खुशांत सर्वश्रेष्ठ कैडेट बने



कुलपति प्रो. बीएम यादव ने कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण न केवल शारीरिक और मानसिक अनुशासन सिखाता है, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना को भी प्रबल बनाता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार ने भी सभी विजेता कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी के ऐसे प्रशिक्षण शिविर न केवल अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को आपातकालीन परिस्थितियों में देश सेवा के लिए तैयार करते हैं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) अनिल डूडी ने कहा कि एनसीसी युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देता है। सभी कैडेट्स ने विश्वविद्यालय प्रशासन और एनसीसी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में कैडेट्स को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**खेलकूद** छोटू राम पॉलिटेक्निक में इंटर पॉलिटेक्निक कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

## कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ाव का प्रतीकः गुलाब सिंह दिमाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

छोटू राम पॉलिटेक्निक में इंटर पॉलिटेक्निक कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में हरियाणा राज्य के विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों की 20 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से छोटू राम पॉलिटेक्निक, रोहतक, सरकारी पॉलिटेक्निक हिसार, सिरसा, गुहला चीका, महम, सांघी, अम्बाला, इंद्री, आदमपुर, नीलोखेड़ी तथा नानकपुर आदि संस्थानों की टीमें सम्मिलित थीं। इस अवसर पर जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और संघर्षशीलता का



विकास होता है। उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ाव का प्रतीक हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दहिया कंस्ट्रक्शन्स के प्रबंध निदेशक (एम.डी.) इंजी० वेदपाल दहिया एवं राजबीर बुधवार (डिप्टी चीफ इंजीनियर, रेलवे) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि इंजी० वेदपाल दहिया ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल से व्यक्ति में अनुशासन, एकता और आत्मबल की भावना विकसित होती है। प्राचार्य डॉ. सितेन्द्र पावडिया जी ने सभी टीमों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों को खेलों के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कॉलेज के पूर्व छात्र इंजी संदीप नैन, इंजी. सतवीर सोलंकी, इंजी. कपिल सिंहपुरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि छोटू राम पॉलिटेक्निक जैसे संस्थान खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में राज्य को नई दिशा दे रहे हैं।

#### बेस्ट एथलीट प्रशांत को 20 हजार का पुरस्कार

इस मौके पर कॉलेज के बेस्ट एथलीट प्रशांत को डबास फाउंडेशन की ओर से 20,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डा सुखबीर किनहा, प्रवीण दहिया, अशोक देशवाल, दलबीर सिंह, लेफ्टिनेंट आलोक कुमार, ब्रिजेन्द्र सिंह, प्रियंका शर्मा, विकास नरवाल, अशोक मान, सोनू नांदल, रवि नांदल, राजीव, वज़ीर सिंह सहित कॉलेज के सभी कर्मचारीगणों एवं एनसीसी कैडेट्स का सराहनीय योगदान रहा। अंत में खेल समिति अध्यक्ष डॉ. सुखबीर किनहा ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर करते रहने की घोषणा की।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के कई संस्थानों में हुआ कार्यक्रम

जिला स्तरीय उत्सव में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने की शिरकत

## एमडीयू में वंदे मातरम गाकर दिया राष्ट्रीय एकता व सद्भाव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक स्थित एमडीयू में आयोजित स्मरणोत्सव कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, उपायुक्त सचिन गुप्ता व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीयगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित टैगोर सभागार में जिला स्तरीय उत्सव में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि तथा पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में उपायुक्त सचिन गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका भी उपस्थित रहे। जिला स्तरीय इस उत्सव में वंदे मातरम पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, गीत का सामूहिक गायन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने उपायुक्त सचिन गुप्ता व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में 1875 में बंकिम चंद्र चटोपाध्याय द्वारा रचित इस गीत का पूरा इतिहास व महत्व प्रदर्शित किया गया है। इस गीत में देश के स्वतंत्रता संग्राम में जन जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्यसभा सांसद ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्माराज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि यह उत्सव राष्ट्रीय जागरण का पर्व है। गीत वंदे मातरम राष्ट्रीय की आत्मा है तथा नागरिकों की आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गीत ने स्वतंत्रता सेनानियों में देशभक्ति व एकता का जज्बा जगाया। असंख्य वीर शहीदों की कुर्बानियों के बाद देश को स्वतंत्रता मिली तथा हम सब आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी हमेशा इनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण रखें।

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि देश की विभिन्नता में एकता का राष्ट्रीय गीत एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय गीत को जन-जन तक पहुंचाने एवं इसके महत्व को बताने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया है।

प्रधानमंत्री ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रीय बनाने का संकल्प लिया है, जिसे पूरा करने के लिए सभी नागरिक अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भागीदारी करें तथा स्वयं को गौरवान्वित महसूस करें। कार्यक्रम का समापन राज्य गीत से हुआ। इस अवसर पर मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने बैंड के साथ राष्ट्रीय गीत की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, मदवि के पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रोफेसर सुनीत मुखर्जी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेश भारद्वाज सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मदवि में कर्मचारियों से मिलने पहुंचे सांसद



**रोहतक।** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ कार्यालय में कर्मचारियों से मिले। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि मदवि परिवार मेरा अपना परिवार है। यहां के कर्मियों के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। इससे पूर्व मदवि गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के नवनियुक्त प्रधान सुरेश कौशिक, पदाधिकारी प्रेम सिंह साजवान, विजयपाल धनखड़, राजकुमार रंग ने माल्यार्पण कर सांसद कार्तिकेय शर्मा का हार्दिक स्वागत किया। प्रधान सुरेश कौशिक ने सांसद कार्तिकेय शर्मा का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि संघ उनका आभारी है कि बेहद सहजता से संघ कार्यालय में आने का निमंत्रण स्वीकारा। इससे पूर्व एमडीयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने सांसद कार्तिकेय शर्मा का विस्तृत परिचय दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की मीडिया क्षेत्र में इंटर्नशिप के लिए सांसद से सहयोग मांगा जिसे संसद ने सहर्ष स्वीकारा। इस अवसर पर एडवोकेट सतीश कौशिक, एमडीयू संघ पदाधिकारीगण समेत अन्य विश्वविद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

### एमडीयू में विद्यार्थियों ने जाना वंदे मातरम का इतिहास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का परिसर आज वंदे मातरम के 150 वर्ष स्मरणोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर देशभक्ति की भावना से गुंजायमान हो उठा। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर और यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सविता राठी के संयोजन में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के सफल संचालन में विश्वविद्यालय की डिप्टी डीन छात्र कल्याण एवं संयोजक प्रो. सोनू देहमिवाल, यूथ रेड क्रॉस कॉर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान और एनसीसी गर्ल्स विंग की प्रभारी डॉ. आरती की सक्रिय भूमिका रही।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन ने कार्यक्रम स्थल को देशभक्ति के स्वर से सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों ने लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का प्रेरणादायक उद्बोधन सुना। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वंदे मातरम के इतिहास पर आधारित एनएसएस स्वयंसेवकों का परिचर्चा कार्यक्रम भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने कहा कि वंदे मातरम भारतीय स्वाधीनता संग्राम की आत्मा रहा है, जिसने देश को एकता और गर्व के सूत्र में पिरोया। उन्होंने एनएसएस, एनसीसी और यूथ रेड क्रॉस इकाइयों के इस सार्थक आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाते हैं। आयोजन के दौरान (रिटायर्ड) सूबेदार मेजर राजबीर सिंह, प्रो. दिव्या मल्हान, डॉ. अंजू पंवार, डॉ. एकता नरवाल, डॉ. गुरुदयाल, डॉ. मीनाक्षी हुड्डा, डॉ. स्वाति, डॉ. प्रीति, डॉ. शैरी, डॉ. नीतू, डॉ. अभिमन्यु मलिक, डॉ. अनिल पांडे, डॉ. मनीषा, संदीप तथा एनएसएस और यूथ रेड क्रॉस के स्वयंसेवक, कैडेट्स समेत सभी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे।



रोहतक पीजीआई में वंदे मातरम का उद्घोष करते अधिकारी व छात्र।

## वंदे मातरम एकजुटता का प्रतीक : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लेक्चर थिएटर 5 और पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्नि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ, जिसमें शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर विवि परिवार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वंदे मातरम के 150 वर्ष पर आधारित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

डॉ. एच के अग्रवाल ने कहा कि गीतकार ने जिस भारत की कल्पना की थी, आज हम उसे साकार होते देख रहे हैं। उन्होंने 'वंदे मातरम' को एकजुटता का प्रतीक बताते हुए कहा कि हमें सबको एक साथ मिलकर विकसित भारत का नर्मिाण करना है।

निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने कहा कि 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूरे होना हर्ष का विषय है। इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण डॉ सविता सिंघल, डॉ सुनीता सिंह, डॉक्टर संत कटारिया ,डॉक्टर सोनिया छाबड़ा , डॉ मीनू, डॉ प्रोमिल जैन,डॉक्टर मंजूनाथ, डॉक्टर आदर्श उपस्थित रहे।

### भारत माता के चित्र पर किए पुष्प अर्पित



**सांपला।** सर छोटू राम के विद्यालय में शुक्रवार को वंदे मातरम के 150 वें स्मरणोत्सव का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का वंदे मातरम गीत आजादी का मूल मंत्र बना था। यह गीत केवल शब्द नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा है जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौर में क्रांतिकारियों को प्राण शक्ति दी। सभी ने समूह गान पेश किया और राष्ट्र के प्रति समर्पण व देश भक्ति के शपथ ली। इस मौके पर देशभक्ति फिल्म भारत और पाकिस्तान का वार का प्रदर्शन भी दिखाया गया। फिल्म के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और देश के प्रति कर्तव्य निष्ठा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉक्टर सुनील चौहान द्वारा किया गया। जिसमें शिक्षक व सभी छात्राएं भी शामिल हुई।

## खबर संक्षेप



### वंदे मातरम हमारे राष्ट्र का जीवंत प्रतीक हः आर्य

**रोहतक।** हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा सुझाए गए राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव के अनुरूप, दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी एसयूपीवीए) ने शुक्रवार कुलपति कार्यालय के लॉन में वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन आयोजित किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के साथ, प्रतिष्ठित देशभक्ति गान की ऐतिहासिक 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। गायन का नेतृत्व कुलपति डॉ. अमित आर्य ने किया। डॉ. आर्य ने कहा वंदे मातरम सिर्फ़ एक गीत नहीं है यह हमारे राष्ट्र के सपनों, संघर्षों और अमर भावना का जीवंत प्रतीक है। रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक ने कहा यह कार्यक्रम न केवल हमारी कलात्मक विरासत का जश्न मनाता है, बल्कि हमारे छात्रों में एकता, देशभक्ति और सांस्कृतिक उत्कृष्टता के मूल्यों को पोषित करने के लिए डीएलसी सुपवा की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है।





### वीरता व बलिदान की याद दिलाता है वंदे मातरम

**महम।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं गौरवशाली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को बीडीपीओ कार्यालय महम के सभागार में उपमंडल स्तरीय 'वंदे मातरम स्मरणोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता दीपक निवास हुड्डा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। दीपक निवास हुड्डा का यहां पहुंचने पर एसडीएम महम मुकुंद द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रव्यापी लाइव संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रगीत को विकास और विरासत का प्रतीक बताते हुए कहा वंदे मातरम आजादी के अमृतकाल का सबसे बड़ा प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और राष्ट्रीय प्राण है। इस अवसर पर बीईओ सरिता ,नगरपालिका प्रधान भारती पवार, नगर पालिका उपप्रधान बसंत लाल गिरधर, बीडीपीओ मुकुल दहिया, ग्राम सचिव कैलाश चंद्र, ग्राम सचिव सुधीर कुंडू, मार्केट कमेटी सेक्रेटरी दीपक, नगर पालिका सेक्रेटरी नवीन नांदल, मीना वाल्मीकि, ऋषि भारद्वाज मौजूद थे।

### भारत की आत्मा का प्रतीक है वंदे मातरम : ढाका

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक विशेष बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में किया गया। वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन ने बैठक में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की । ढाका ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा का प्रतीक है। मुख्य वक्ता प्रदीप जैन ने कहा वंदे मातरम गीत ने देश की आजादी के समय देश भक्तों के बीच अलख जगाने का कार्य किया और संपूर्ण राष्ट्र को एक माला में पिरो दिया। कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष सुखबीर चंदेलिया ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा दें । जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया इस अवसर पर कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, जिला महामंत्री अभिनंदन शर्मा, नरेंद्र वत्स, अशोक वर्मा, सत्यप्रकाश बिसला, धर्मवीर शर्मा, अमित बंसल, सूबेदार धर्मवीर सिंह, अंकित शर्मा, सतीश ठेकेदार सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव का भव्य आयोजन

**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम' के 150वें स्मरणोत्सव के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायक संबोधन प्रदर्शित किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में वंदे मातरम गीत का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए इसके प्रथम पद्यांश का अर्थ और भावार्थ स्पष्ट किया। इसके पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने मिलकर राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया और राष्ट्रीय प्रतिज्ञा दोहराई। इस अवसर पर डॉ. रश्मि छाबड़ा, अनिला बठला, पूजा चावला, डॉ. सविता, डॉ. मनीष, लिपिक पवन, गगन, नवीन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां सभी ने देश की अखंडता का संकल्प दोहराया।

## हरियाणा में धान खरीद में बड़ा घोटाला, दूसरे राज्यों से आ रही फसल : किसान सभा

**रोहतक।** हरियाणा में इस खरीफ सीजन के दौरान धान की पैदावार सामान्य से काफी कम रही है। जलभराव , बाढ़ , वायरस संक्रमण आदि कारणों से किसानों की उपज भी कम हुई है। इसके बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में धान की आवक और खरीद के आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में कहीं अधिक दिखाए जा रहे हैं। यह कोई कृषि चमत्कार नहीं, बल्कि एक बड़े भ्रष्टाचार की और इशारा करता है। अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा कमेटी ने कहा कि निजी व्यापारी उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों से बहुत कम दामों पर धान खरीदकर उसे हरियाणा की मंडियों में एमएसपी पर खरीदे गए धान के रूप में दर्ज करवा रहे हैं। सभा के प्रदेश महासचिव सुमित दलाल ने कहा कि यह पूरा घोटाला डिजिटलीकृत खरीद प्रक्रिया में हेराफेरी करके अंजाम दिया जा रहा है। फर्जी गेट पास और ओटीपी बनाकर काल्पनिक पतों और किसानों के नाम पर धान की फर्जी खरीद दिखाई जा रही है। करनाल, कैथल, अंबाला, कुरुक्षेत्र आदि जिलों में किसानों के संगठन इस घोटाले के खिलाफ लगातार आवाज़ उठा रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

## सैनी सीनियर स्कूल में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

- विद्यार्थियों ने सामूहिक गान से दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** सैनी स्कूल में वंदे मातरम गाते शिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सुबह 10 बजे पूरे जोश और भावना के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गान किया।

विद्यालय प्रांगण देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरके सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वंदे मातरम गीत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन की थी। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देश के क्रांतिकारियों में नई ऊर्जा और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण की भावना जगाई थी। डॉ. सैनी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा इस तरह के आयोजनों को विद्यालय की गौरवपूर्ण परंपरा बताया।

### पंडित नेकीराम कॉलेज में क्षेत्रीय युवा महोत्सव

## युवा ऊर्जा का सही इस्तेमाल करें : आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





पंडित नेकीराम कॉलेज में क्षेत्रीय युवा महोत्सव के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक।

पंडित नेकीराम कॉलेज में क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन भी बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। युवा महोत्सव के दूसरे दिन सुबह के सत्र में मुख्य अतिथि सदस्य हरियाणा लोक सेवा आयोग आनंद शर्मा एवं गेस्ट ऑफ ऑनर प्रिंसिपल गवर्नमेंट कॉलेज बाढडा डॉक्टर अनिल खटकड़ उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रिंसिपल डॉ सुरेंद्र सांगवान ने द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम शुरुआत की।

आनंद शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बताया कि युवा विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करें। युवा अपनी हौसलों की उड़ान से आसमान में हलचल मचा सकता है। संघर्ष, मेहनत से हम सफलता की उड़ान भर सकते हैं। युवा महोत्सव में युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश हरियाणा पुलिस के एएसआई मोहन सिंह ने दिया। मोहन सिंह ने बताया कि आज किस प्रकार युवा भ्रमित होकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर, शिक्षित होकर युवा उड़ान भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज अमर कटारिया ने भी युवक युवतियों से आग्रह किया कि वे अपनी पुरानी संस्कृति, परंपराओं से जुड़े रहे और गलत रस्ते पर न चले ,अपनी ओर अपने परिवार की इज्जत को खराब न करे। यही वास्तविक शिक्षा नीति है। सायं कालीन सत्र के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) नरेंद्र कुमार एवं डॉ सविता पूनिया प्रिंसिपल गवर्नमेंट कॉलेज सफीदों रही। आज की प्रतियोगिताओं में वन एक्ट प्ले, मिमिक्री, सिंग फॉर पेरेंट्स टीचर सोल्जर, आर्केस्ट्रा ,सोलो डांस मेल, फीमेल ,वेस्टर्न सॉन्ग सोलो ,हरियाणवी, पंजाबी कविता, डिबेट हिंदी ,पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कॉलेज, डिबेट इंग्लिश आदि प्रतियोगिताएं कराई गई। इस अवसर पर जिले के उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ परम भूषण आर्य भी मौजूद रहे।





क्षेत्रीय युवा महोत्सव में मंच पर अभिनय प्रस्तुत करते कलाकार।

### हरियाणा ओलंपिक्स में चमके मॉडल स्कूल के विद्यार्थी



**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हरियाणा ओलंपिक्स-2025 में मॉडल स्कूल के दो विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। तीन से पांच नवम्बर तक गुरुग्राम में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के कृतज्ञ शर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, फरीदाबाद में हुई तीरंदाज़ी प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की दीपांशी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और रोहतक जिले का मान बढ़ाया। मॉडल एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता तथा सचिव राजेश कुमार सहगल ने दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और भविष्य में और भी ऊंचाइयां हासिल करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विद्यालय की प्राधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने पदक विजेता विद्यार्थियों का विद्यालय पहुंचने पर उत्साहपूर्वक स्वागत किया और उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग से अजय हुड्डा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर मेहनत कर उच्चतम उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

**सरपंच ग्राम पंचायत, माडौदी जाटान खण्ड कलानौर, जिला रोहतक**
**सरपंच अनूप सिंह फोन : 9812007365**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत माडौदी जाटान के शिव मन्दिर के पास की चौपाल की कण्डम बिल्डिंग की नीलामी 17.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे बाल्मिकी भवन में आयोजित की जाएगी। बोलीदाता को बोली देने से पहले 15000/- रु. की राशि जमानत के तौर पर जमा करवाने होगे। सफल बोलीदाता को बोली छुटने के उपरांत कण्डम बिल्डिंग वाली जगह 15 दिन के अन्दर अन्दर खाली करनी होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति मौके का लाभ उठाएं।

सुमित
ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत माडौदी जाटान
खण्ड कलानौर (रोहतक)
मो. 8059184784

अनूप सिंह
सरपंच, ग्राम पंचायत माडौदी जाटान
खण्ड कलानौर (रोहतक)
9812007315


ON ALL MRP 6% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
2 LTR
SUPER DEAL OF THE WEEK
1 LTR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
01 Nov. to 20 Nov.
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM BUY 1 GET 1 FREE
WELCOME'S SPICES (SELECTED VARIANTS) BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT TOOR DAL BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT MUSELI 375GM BUY 1 GET 1 FREE
CONTINENTAL COFFEE SMOTHH RICH BUY 1 GET 1 FREE
1 L 24 MANTRA MUSTERD OIL BUY 1 GET 1 FREE
500 GM GM POHA BUY 1 GET 1 FREE
1 kg Nilons pickel 1kg BUY 1 GET 1 FREE
250 GM DEHAAT MAKHANA BUY 1 GET 1 FREE
500 GM KKK SAKTI BHOG SOOJI/MAIDA BUY 1 GET 1 FREE
CATCH MASALA ALL VARIENT 25% OFF ON MRP
330 GM XCITE NOODLES BUY 1 GET 1 FREE
BTW NAMKEEN ALL VARIENT BUY 1 GET 1 FREE
250 ML HURRICANE ENERGY DRINK BUY 1 GET 1 FREE
600 ML BISLERI SPICE JEERA BUY 1 GET 1 FREE
SATMOLA NAMKEEN ALL VARIENT BUY 1 GET 1 FREE
10kg FORTUNE ATTA @ ₹410 FREE + 400G TOPS TOMATO KETCHUP FREE
1 L PRABHAS GHEE (1 LTR) BUY 1 GET 1 FREE
800 ML NOVA GHEE (800ML) @ ₹539
900 ML ANANDA GHEE (900ML) @ ₹569
1KG RAJDHANI BESAN (1 KG) @ ₹92
1 KG TATA TEA PREMIUM @ ₹349
1 L PREET LITE GHEE @ ₹315
1kg TAJ MAHAL TEA @ ₹549
5kg LOOSE SUGAR 5 KG @ ₹230
750g FORTUNE SOYABEAN OIL @ ₹129
1 L Bail Kolhu Kachi Ghani Mustard Oil @ ₹169
1 L FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR @ ₹179
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91 90530 87555
UPCOMING BRANCHES
Sirsa Ghaziabad Hisar Mohali Bhivani Pinjor
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :